नामांक Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

No. of Questions — 24

# SS—10–1—Econ. I

No. of Printed Pages — 7

## उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2010

## SENIOR SECONDARY EXAMINATION, 2010

**वैकल्पिक वर्ग I — कला ( OPTIONAL GROUP I — ARTS )**

**अर्थशास्त्र — प्रथम पत्र**

**( ECONOMICS — First Paper )**

**समय : $3\frac{1}{4}$ घण्टे**

**पूर्णांक : 60**

**परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :**

*GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :*

1. परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

   Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

2. प्रश्न पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपान्तर में किसी प्रकार की त्रुटि / अन्तर / विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को सही मानें ।

   If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of Hindi version should be treated valid.

3. सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं । प्रश्न क्रमांक **23** एवं **24** में आन्तरिक विकल्प हैं ।

   *All* the questions are compulsory. Question Nos. **23** and **24** have internal choices.

4. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

   Write the answer to each question in the given answer-book only.

5. जिस प्रश्न के एक से अधिक समान अंकवाले भाग हैं, उन सभी भागों का हल एक साथ सतत् लिखें ।

For questions having more than one part carrying similar marks, the answers of those parts are to be written together in continuity.

6. प्रश्न क्रमांक **2** से **5** तक अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं।

Question Nos. **2** to **5** are very short answer type.

7. प्रश्न क्रमांक **1** के चार भाग ( i, ii, iii तथा iv ) हैं । प्रत्येक भाग के उत्तर के चार विकल्प ( **अ, ब, स** एवं **द** ) हैं । सही विकल्प का उत्तराक्षर उत्तर-पुस्तिका में निम्नानुसार तालिका बनाकर लिखें :

There are *four* parts ( i, ii, iii and iv ) in Question No. 1. Each part has *four* alternatives *A, B, C* and *D*. Write the letter of the correct alternative in the answer-book at a place by making a table as mentioned below :

| **प्रश्न क्रमांक**<br>**Question No.** | **सही उत्तर का क्रमाक्षर**<br>**Correct letter of the Answer** |
|---|---|
| 1. (i) | |
| 1. (ii) | |
| 1. (iii) | |
| 1. (iv) | |

1. (i) भारित सीमान्त उपयोगिता की समानता की शर्त है

(अ) $\frac{MU_x}{P_x} = \frac{MU_y}{P_x}$ (ब) $\frac{MU_x}{MU_y} = \frac{P_x}{P_y}$

(स) $\frac{MU_x}{P_x} = \frac{MU_y}{P_y}$ (द) $\frac{MU_x}{MU_y} = \frac{P_y}{P_x}$ .

The condition of equality of weighted marginal utility is

(A) $\frac{MU_x}{P_x} = \frac{MU_y}{P_x}$ (B) $\frac{MU_x}{MU_y} = \frac{P_x}{P_y}$

(C) $\frac{MU_x}{P_x} = \frac{MU_y}{P_y}$ (D) $\frac{MU_x}{MU_y} = \frac{P_y}{P_x}$ . $\frac{1}{2}$

(ii) पूर्ण प्रतियोगी बाजार में कीमत का निर्धारण किया जाता है

(अ) विक्रेता द्वारा (ब) क्रेता द्वारा

(स) फर्म द्वारा (द) उद्योग द्वारा ।

In perfect competitive market, price determination is done by

(A) seller (B) buyer

(C) firm (D) industry. $\frac{1}{2}$

(iii) जिस बाजार में फर्म का मांग वक्र अत्यधिक लोचदार होता है, वह बाजार है

(अ) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता (ब) एकाधिकार

(स) पूर्ण प्रतियोगिता (द) अल्पाधिकार ।

The market in which demand curve of a firm is excessively elastic, that market is

(A) monopolistic competition

(B) monopoly

(C) perfect competition

(D) oligopoly. $\frac{1}{2}$

(iv) ब्याज के तरलता पसंदगी सिद्धान्त में स्वतंत्र चर है

(अ) मुद्रा की मांग (ब) मुद्रा की पूर्ति

(स) बचत (द) निवेश ।

The independent variable in liquidity preference theory of interest is

(A) demand for money (B) supply of money

(C) saving (D) investment. $\frac{1}{2}$

2. लगान के आधुनिक सिद्धान्त के अनुसार लगान ज्ञात करने का सूत्र लिखिए ।

Write the formula to find out the rent according to Modern theory of rent. 1

3. लाभ के जोखिम सिद्धान्त का प्रतिपादन किस अर्थशास्त्री ने किया ?

Which economist propounded the risk theory of profit ? 1

4. कौटिल्य के अनुसार 'धर्म' का मूल बताइए ।

According to Kautilya, state the basis of 'Dharma'. 1

5. प्रो० अमर्त्य सेन को किस क्षेत्र में योगदान के लिए नोबल पुरस्कार दिया गया ?

For contribution in which area was Prof. Amartya Sen awarded by Nobel prize ? 1

6. प्रतिस्थापन की सीमान्त दर से क्या अभिप्राय है ? समझाइए ।

What is meant by the marginal rate of substitution ? Explain. $1\frac{1}{2}$

7. उत्पादन फलन की तीन मान्यताएँ बताइए ।

State three assumptions of production function. $1\frac{1}{2}$

8. समोत्पाद मानचित्र से क्या अभिप्राय है ? चित्र सहित समझाइए ।

What is meant by the isoproduct map ? Explain with diagram.

$1 + \frac{1}{2} = 1\frac{1}{2}$

9. विशुद्ध प्रतियोगिता की तीन विशेषताएँ बताइए ।

State three characteristics of pure competition. $1\frac{1}{2}$

10. पूर्ण प्रतियोगिता एवं एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता में कोई तीन अन्तर बताइए ।

State any three differences between perfect competition and monopolistic competition. $1\frac{1}{2}$

11. सीमान्त आगम उत्पादकता की अवधारणा को समझाइए ।

Explain the concept of marginal revenue productivity. $1\frac{1}{2}$

12. गाँधीजी के प्रन्यास सिद्धान्त की कोई तीन प्रमुख बातें बताइए ।

State any three major issues of Gandhiji's trusteeship principle. $1\frac{1}{2}$

13. चेतन एवं अचेतन आवश्यकताओं में अन्तर बताइए ।

Differentiate between conscious and subconscious wants. $1\frac{1}{2}$

14. 'व्यष्टि एवं समष्टि अर्थशास्त्र प्रतियोगी नहीं अपितु पूरक हैं ।' इस कथन के पक्ष में कोई तीन तर्क दीजिए ।

'Micro- and Macro-economics are not competitive but complementary.' Give any three arguments in favour of this statement. 3

15. मांग में वृद्धि एवं मांग में विस्तार को चित्रों की सहायता से समझाइए ।

Explain increase in demand and expansion in demand with the help of diagrams. $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} = 3$

16. माँग की आय लोच को सूत्र सहित समझाइए ।

Explain income elasticity of demand with formula. $2 + 1 = 3$

17. पैमाने के प्रतिफलों एवं उत्पत्ति के नियमों में अन्तर स्पष्ट कीजिए ।

Differentiate between returns to scale and laws of returns. 3

18. निम्न तालिका की सहायता से कुल स्थिर लागत, कुल परिवर्तनशील लागत एवं कुल लागत की गणना कीजिए :

**( रुपये में )**

| **उत्पादन की मात्रा** | **कुल स्थिर लागत** | **कुल परिवर्तनशील लागत** | **कुल लागत** |
|---|---|---|---|
| 0 | 100 | 00 | ...... |
| 1 | 100 | ...... | 200 |
| 2 | ...... | 170 | 270 |

Calculate the total fixed cost, total variable cost and total cost with the help of the following table : 1 + 1 + 1 = 3

**( in Rs. )**

| Quantity of Production | Total fixed cost | Total variable cost | Total cost |
|---|---|---|---|
| 0 | 100 | 00 | ...... |
| 1 | 100 | ...... | 200 |
| 2 | ...... | 170 | 270 |

19. आपकी दृष्टि में एकाधिकार में साम्य निर्धारण के लिए कौन-सी विधि श्रेष्ठ है और क्यों ?

In your views, which method is best for determination of equilibrium in monopoly and why ? 3

20. प्रतियोगी बाजार में उद्योग एवं फर्म की अवधारणा को उदाहरण द्वारा समझाइए ।

Explain the concept of industry and firm in competitive market with example. 3

21. कौटिल्य द्वारा वर्णित मजदूरी निर्धारण के किन्हीं तीन सिद्धान्तों का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

Describe briefly any three theories of wage determination described by Kautilya. 3

22. सम-सीमान्त उपयोगिता नियम की सचित्र व्याख्या कीजिए । इस सिद्धान्त की कोई चार सीमाएँ बताइए ।

Explain the law of equimarginal utility with diagram. State any four limitations of this law. 4 + 2 = 6

23. दो व्यक्तिगत मांग अनुसूचियों की सहायता से बाजार मांग अनुसूची एवं बाजार मांग वक्र का निर्धारण कीजिए ।

**अथवा**

मांग एवं पूर्ति के साम्य से क्या अभिप्राय है ? मांग एवं पूर्ति के परिवर्तनों का साम्य पर क्या प्रभाव पड़ता है ? चित्र की सहायता से समझाइए ।

Determine the market demand schedule and market demand curve with the help of two individual demand schedules. $2 + 2 + 2 = 6$

*OR*

What is meant by equilibrium of demand and supply ? What is the effect of changes in demand and supply on equilibrium ? Explain with the help of diagram. $2 + 3 + 1 = 6$

24. कुल ब्याज एवं शुद्ध ब्याज में क्या अन्तर है ? ब्याज के प्रतिष्ठित सिद्धान्त को चित्र की सहायता से समझाइए ।

**अथवा**

आर्थिक लगान एवं ठेका लगान में क्या अन्तर है ? विस्तृत कृषि में लगान की उत्पत्ति को चित्र की सहायता से समझाइए ।

What is the difference between total interest and net interest ? Explain the classical theory of interest with the help of diagram.

$2 + 2\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} = 6$

*OR*

What is the difference between economic rent and contract rent ? Explain the origin of rent in extensive cultivation with the help of diagram. $2 + 3 + 1 = 6$